# पिछले नवंबर की तुलना में इस बार 1779 करोड़ बढ़ा राजस्व

लखनऊ। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में इस नवंबर 18389.80 करोड़ रुपये



का राजस्व मिला। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के नवंबर में 16610 करोड़ का राजस्व मिला था। इस प्रकार पिछले वर्ष नवंबर की तुलना में इस वित्त वर्ष के नवंबर में 1779.27 करोड़ का राजस्व ज्यादा मिला। उन्होंने बताया कि नवंबर में जीएसटी मद में 7793.48 करोड़ का राजस्व मिला। जबकि पिछले वित्त वर्ष के नवंबर में 6652.20 करोड़ मिले थे। वैट के अंतर्गत नवंबर में 2685.19 करोड़ राजस्व मिला। पिछले नवंबर में 2737.13 करोड़ मिले थे। वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी के अंतर्गत 4071.27 करोड़ राजस्व मिला जबकि पिछले नवंबर 3788.55 करोड़ मिले थे। स्टांप तथा निबंधन के अंतर्गत 2263.77 करोड़ प्राप्त हुए जबकि पिछले वर्ष नवंबर में 1961 करोड़ प्राप्त हुए थे। ब्यूरो